## श्री आशीष वच्छानी

**अपर सचिव (बजट)**
**आर्थिक कार्य विभाग**
**वित्त मंत्रालय**

श्री आशीष वच्छानी, जो कि 1997 बैच के तमिलनाडु कैडर के आईएएस अधिकारी हैं, वर्तमान में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग में अपर सचिव (बजट) के रूप में कार्यरत हैं और केंद्रीय बजट के निर्माण और निष्पादन के लिए उत्तरदायी हैं।

उन्होंने अपने कैरियर का अधिकांश समय सार्वजनिक वित्त के क्षेत्र में बिताया है। इसमें उप- सचिव/संयुक्त सचिव (बजट), तमिलनाडु सरकार, निदेशक (अवसंरचना), आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय, भारत सरकार और कार्यकारी निदेशक, एशियाई विकास बैंक के सलाहकार के रूप में कार्य करना शामिल हैं।

वह 2008 से 2012 तक लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में संकाय भी थे। उन्होंने शिवकाशी के उप-कलेक्टर के रूप में अपना कैरियर शुरू किया और तमिलनाडु के धर्मपुरी और तिरुचिरापल्ली जिलों के कलेक्टर के रूप में तैनात रहे थे।

उन्हें 04.03.2024 से एसपीएमसीआईएल के बोर्ड में वित्त मंत्रालय से अंशकालिक भारत सरकार नामित निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

****